हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 29 अक्टूबर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


4 उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ पर्व का समापन




# सीएम आज सरगुजा में, करेंगे कार्तिक उरांव चौक का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरगुजा दौरे पर होंगे। सीएम श्री साय बाबा कार्तिक उरांव के जन्म शताब्दी के अवसर पर आ यो जि त कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान सीएम श्री साय ननि भवन के सामने स्थित मैदान में कार्तिक उराव चौक निर्माण हेतु विधि विधान से भूमि पूजन करेंगे। सीएम के आगमन और भूमिपूजन कार्यक्रम को लेकर उरांव समाज के साथ ही जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक पैमाने पर तैयारियां की गई है।

■ 40 लाख की लागत से कराया जाएगा निर्माण, तैयारियां पूर्ण

बता दें कि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत की पहल पर छत्तीसगढ़ में पहली बार बाबा कार्तिक उरांव चौक का निर्माण किया जा रहा है। कार्तिक उरांव चौक के निर्माण हेतु एमआईसी और सामान्य सभा में प्रस्ताव पास करने के बाद शासन को स्वीकृति के लिए भेजा गया था। शासन से कार्तिक उरांव चौक के निर्माण हेतु 40.79 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई थी।



इस राशि से ननि के वर्तमान प्रशासनिक भवन के समीप खाली स्थान में कार्तिक उरांव चौक का निर्माण कर विशाल प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद महापौर



श्रीमती मंजूषा भगत व समाज के इन्दर भगत ने चौक के निर्माण हेतु भूमि पूजन के लिए स्वयं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को न्योता दिया था। इसके साथ ही महापौर ने जशपुर, कुनकुरी, शंकरगढ़, कुसमी, बलरामपुर, सूरजपुर व सरगुजा जिले में उरांव समाज के प्रमुखों को खुद जाकर कार्यक्रम के लिए निमंत्रण दिया था। 29 अक्टूबर को कार्तिक उरांव चौक का भूमि पूजन किया जाएगा इसके लिए केदारपुर पानी टंकी के सामने विशाल मंच और बैठक व्यवस्था की गई है। ननि के साथ ही जिला और पुलिस प्रशासन द्वारा कार्यक्रम को लेकर बड़े पैमाने पर तैयारी करने के साथ ही सुरक्षा के इंतजाम किए गए है। बुधवार को भूमि पूजन के पूर्व सुबह 11 बजे पीजी कॉलेज मैदान से भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो अंबेडकर चौक, गांधी चौक, घड़ी चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सीएम श्री साय जशपुर से हेलीकॉप्टर से दोपहर लगभग 2 बजे पीजी कॉलेज मैदान पहुंचेगे इसके बाद वे कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### जल्द शुरू होगा निर्माण

महापौर श्रीमतीं मंजूषा भगत ने बताया कि छग में पहली बार ननि



अम्बिकापुर में बाबा कार्तिक उरांव चौक की स्थापना की जा रही है। इस हेतु मैने स्वयं सीएम से मिलकर समय मांगा। सीएम के आतिथ्य में चौक निर्माण का भूमिपूजन किया जाएगा और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा।


SWAMI VIVEKANAND UNIVERSITY
SIRONJA, SAGAR - (M.P.)
EDUCATION
D.Ed. B.Ed. B.Ed.
(Part Time 3 Yrs)
B.Ed + M.Ed
(Integ. 3 Yrs)
B.A + B.Ed
(Integ. 4 Yrs)
B.P.Ed., M.P.Ed., M.Ed
CAMPUS : N.H.26, NARSINGPUR ROAD, SIRONJA, SAGAR (M.P.)
सिटी ऑफिस - द्वितीय तल, निगम टॉवर सिसोदिया कॉलोनी, एक्सचेंज रोड, गुना (म.प्र.)
8839281593, 9111656144

आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर


## खबर संक्षेप

### आपदा प्रबंधन को लेकर टेबल टॉप बैठक आज

**बलरामपुर।** भारत सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राज्य एवं जिलों में बाढ़ आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने एवं संभावित बाढ़ जैसी परिस्थितियों से निपटने सीएसएसआर बाढ़ बचाव परिदृश्य पर 29 अक्टूबर को टेबल टॉप बैठक तथा 30 अक्टूबर को मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया जाएगा। जिले में कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर राजेन्द्र कटारा द्वारा अपर कलेक्टर आरएस लाल व जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी शिवकुमार कठुतिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े होंगी मुख्य अतिथि

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ के 25वें राज्य स्थापना दिवस रजत जयंती वर्ष के अवसर पर जिला मुख्यालय सूरजपुर में आयोजित होने वाले राज्योत्सव में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

### जिला अस्पताल में किडनी रोग का निःशुल्क परामर्श शिविर 30 को

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश के अनुपालन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन द्वारा 30 अक्टूबर को अपोलो अस्पताल बिलासपुर के किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. विनय कुमार द्वारा मरीजों का निःशुल्क परामर्श जिला चिकित्सालय में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। इस शिविर में किडनी रोग से संबंधित सभी बीमारियां जैसे किडनी फेल, डायलिसिस वाले मरीज एवं पथरी के मरीजों के लिए चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** धान की फसल देकर बाइक से घर लौट रहे ग्रामीण को विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार झिलमिल भैयाथान अंतर्गत ग्राम रजबहरा निवासी मंगल साय आ. स्व. हरि प्रसाद (44 वर्ष) सोमवार को बाइक से खेत में लगी धान की फसल को देखने गया था। फसल को देखने के पश्चात वापस घर लौटने लगा तभी रास्ते में विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की सूचना पर परिजन घायल को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### लोक निर्माण विभाग ने शुरू किया सड़कों की मरम्मत का कार्य

# एनएच व लोनिवि 14 करोड़ रुपए की लागत से कराएंगे पैच वर्क



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर को जर्जर सड़कों से अब मुक्ति मिलने की उम्मीद जगी है। बारिश का मौसम समाप्त होने के बाद शहर के बीच मौजूद लोनिवि और एनएच की सड़कों के पैच रिपेयरिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दोनों ही विभागों द्वारा कुल मिलकर लगभग 14 करोड़ रुपए की लागत से सड़कों के मरम्मत का कार्य कराया जाएगा। इसमें जिले के साथ ही संभागभर में आने वाले वाली एनएच की प्रमुख सड़कें भी शामिल है। इस बीच लोनिवि ने सड़कों के मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है।

**खास बात**

■ लम्बी प्रतीक्षा के बाद जर्जर सड़कों का पैच रिपेयरिंग शुरू

सरगुजा में इस बार मानसून में जमकर बारिश हुई। समय से पहले पहुंचे मानसून के कारण सड़कों के मरम्मत का कार्य नहीं हुआ और फिर जोरदार बारिश के कारण सड़कों की स्थिति बेहद दयनीय हो गई। वाहनों के आवागमन से सड़कों पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए जिससे लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। गड्ढों और कीचड़ युक्त सड़क के कारण लोड आए दिन दुर्घटना के शिकार हुए। इस दौरान लोगों ने शहर में सड़कों के निर्माण को लेकर नाराजगी जाहिर की जबकि विपक्ष ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। सबसे बड़ी बात यह है कि शहर के बीच में मौजूद प्रमुख व्यावसायिक मार्गों के साथ ही कई सड़कें एनएच और लोक निर्माण विभाग के अधीन है।

ऐसे में इन सड़कों के रख रखाव और मरम्मत का कार्य इन विभागों को ही करना है। जर्जर सड़कों के मरम्मत और पैच रिपेयरिंग के लिए दोनों ही विभागों द्वारा प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजे गये थे। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा शहर सहित जिलेभर की सड़कों के 6 करोड़ रुपए के 6 टेंडर जारी किए थे। टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद लोक निर्माण विभाग की ओर से शहर के ब्रम्ह रोड, गुदरी से प्रतापपुर रोड, खैरबार रोड सहित अन्य प्रमुख सड़कों के पैच रिपेयरिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। उम्मीद जताई जा रही है लोनिवि द्वारा पैच रिपेयरिंग किए जाने से लोगों को राहत मिल सकेगी।



पैच रिपेयरिंग का काम शुरू किया गया।

### एनएच ने किया टेंडर लेकिन काम शुरू नहीं

शहर के अंदर सर्वाधिक एनएच की सड़के आती है। इसमें एमजी रोड से लेकर देवी गंज रोड, महामाया चौक से सदर रोड, भारत माता चौक से दरिमा मोड़ सभी एनएच के अधीन है और इन सभी सड़कों की स्थिति बेहद जर्जर है। पहले सड़कों पर बने गड्ढे लोगों के लिए खतरनाक साबित हो रहे थे वहीं अब सड़कों से उडती धूल से लोगों का हाल बेहाल है। हालांकि एनएच विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सड़कों के पैच रिपेयरिंग के लिए 8 करोड़ रुपए की राशि मिली है। इस राशि से सड़कों के मरम्मत के लिए टेंडर जारी किया गया है और टेंडर की प्रक्रिया भी हो गई है लेकिन एग्रीमेंट नहीं होने के कारण काम अधर में लटका हुआ है। इस राशि से शहर के बीच की एनएच की सड़कों के साथ ही संभाग में एनएच 43 की जशपुर, मनेन्द्रगढ़, सूरजपुर, सहित एनएच 130 की सड़कों पर पैच रिपेरिंग की जानी है।

### चल रहा पैच वर्क

लोक निर्माण विभाग के अधीन आने वाली सड़कों में पैच वर्क के लिए लगभग 6 करोड़ रुपए का टेंडर किया गया है। हमने पैच रिपेयरिंग का काम शुरू कर दिया है और 31 दिसम्बर तक सभी पैच रिपेयरिंग के कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। सड़क मरम्मत के दौरान गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखने के निर्देश दिए गए है।

- वीरेंद्र चौधरी
ईई लोनिवि

# चक्रवाती तूफान मोंथा का असर, हल्की वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चक्रवाती तूफान मोंथा के प्रभाव से मंगलवार को शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में हल्की वर्षा हुई। मौसम विज्ञानी गुरूवार तक तूफान के प्रभावी रहने एवं कहीं-कहीं मध्यम एवं मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

■ 30 अक्टूबर तक प्रभावी रहेगा तूफान

चक्रवाती तूफान मोंथा का असली रूप समुद्र तट पर टकराने के बाद देखने को मिलेगा। मौसम विज्ञानी तूफान के समुद्र तट से टकराने के बाद तेज हवाएं चलने के साथ ही कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। तूफान का अधिक प्रभाव दक्षिण एवं मध्य छत्तीसगढ़ पर पड़ेगा साथ ही सरगुजा संभाग में भी इसका कमोवेश प्रभाव देखने को मिलेगा। मंगलवार को सुबह अच्छी धूप निकली। इस दौरान बीच-बीच में हवा के तेज झोंके भी चले। अपराह्न 3 बजे आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में हल्की वर्षा हुई। मौसम विज्ञानी 2.00 मिमी वर्षा होने का अनुमान लगा रहे हैं। तेज हवा के कारण बादलों की आवाजाही जारी है। मौसम विज्ञानी चक्रवाती तूफान के समुद्र तट से टकराने के बाद आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही रात में भी कहीं-कहीं बौछारें पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मंगलवार को समुद्र तट से टकराने के बाद चक्रवाती तूफान 30 अक्टूबर तक प्रभावी रह सकता है। इसके प्रभाव से सरगुजा में 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने एवं कहीं-कहीं मध्यम एवं मध्यम से भारी वर्षा होने का अनुमान है।

बारिश होने के बाद वातावरण में अब ठंड घुल गई है। हालांकि बादलों की आवाजाही जारी होने एवं वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने के कारण अभी भी उमस बरकरार है।

# अंधे कत्ल के आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश ने अंधे कत्ल के आरोपियों को दी आजीवन कारावास की सजा सुनाई। डॉग स्क्वाड, लास्ट सीन थ्योरी और कॉल डिटेल बने सजा के मुख्य आधार।

■ डॉग स्क्वायड, लास्ट सीन थ्योरी और कॉल डिटेल बने सजा के मुख्य आधार

ग्राम नमदगिरी निवासी नरेश देवांगन ने 3 जनवरी 2024 को थाना सूरजपुर में सूचना दिया कि सुनील देवांगन 2 जनवरी की शाम 7 बजे घुमने निकला था जिसके बाद वापस घर नहीं लौटा। सुबह 8 बजे करीब विजय शौच करने सोहन के खेत तरफ गया था तो देखा कि खेत में एक व्यक्ति शव पड़ा देख घटना की सूचना सरपंच पति को दिया। शव का पहचान सुनील देवांगन के रूप में हुआ मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराया गया। डॉक्टर के द्वारा शार्ट पीएम रिपोर्ट में मृत्यु की प्रकृति हत्यात्मक लेख किए जाने पर थाना सूरजपुर में अज्ञात के विरूद्ध धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की विवेचना निरीक्षक थाना प्रभारी विमलेश दुबे द्वारा की गई। विवेचना दौरान मौके पर डॉग स्क्वाड की सहायता लेने पर डॉग मास्टर द्वारा मृतक सुनील देवांगन के कमरे में एवं पत्नी लक्ष्मी देवांगन की ओर इंगित करने एवं मुखबीरों ने भी मृतक की पत्नी लक्ष्मी देवांगन तथा रामकुमार के साथ संबंध होने की सूचना मिली। लक्ष्मी देवांगन से पूछताछ पर उसने जुर्म स्वीकार कर बताया कि उसका रामकुमार से संबंध होने एवं इसके बारे में पति सुनील को शक होने पर झगड़ा-विवाद करने पर दोनों ने सुनील को मारने की योजना बनाकर गमछा से सुनील के गले को दबाकर हत्या कर शव को कुछ दूर ले जाकर खेत में लिटा दिया। इसके अलावा प्रकरण में अन्य पुख्ता साक्ष्य संकलित करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोप पत्र तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय सूरजपुर में पेश किया। प्रकरण का संचालन अपर लोक अभियोजक केके नाविक द्वारा किया गया। इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश डायमंड कुमार गिलहरे, तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश के यहां हुई। न्यायालय ने मामले की सुनवाई पूरी करते हुए प्रकरण में डॉग क्वार्ड, फारेसिंक एविडेंस, कॉल डिटेल के आधार अपराध सिद्ध होने से आरोपी ग्राम नमदगिरी निवासी रामकुमार केंवट आ. स्व. गोपाल (32 वर्ष) एवं लक्ष्मी देवांगन पति स्व. सुनील (28 वर्ष) को धारा 302, 34 भादसं. के अपराध हेतु आजीवन कारावास तथा 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड, धारा 201, 34 भादवि के अपराध हेतु 2 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा तथा 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

### चोरों ने घर से पार किया नकदी सहित सामान

**अम्बिकापुर।** साड़बार बेरियर के समीप चोरों ने एक घर में धावा बोलकर नगदी समेत 15 हजार कीमत का सामान चोरी कर ले गए। बिलासपुर रोड साडबार बेरियर निवासी रविशंकर गुप्ता आ. सुरेश कुमार गुप्ता (30 वर्ष) ने मणिपुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि बीती रात घर के सामने गुमटी में गया था जबकि परिजन घर में सो रहे थे। कुछ समय बाद घर गया तो देखा अलमारी खुला व सामान बिखरे हुए थे। अलमारी की तलाशी ली तो पता चला की अलमारी में रखे नगद 10 हजार रुपए के अलावा अन्य सामान गायब थे। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज किया है।

# भाई की मौत की सूचना सुनकर जा रहे छोटे भाई की भी सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सोमवार की रात एक परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। काम करके घर लौट रहे एक युवक की सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराकर मौत हो गई। इधर बड़े भाई के मौत की सूचना मिलने के बाद स्कूटी से घटना स्थल की ओर जा रहा छोटा भाई भी सड़क हादसे का शिकार हो गया। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए रायपुर रिफर किया गया था लेकिन बिलासपुर पहुंचने के बाद उसकी भी मौत हो गई। इधर साथ दो भाइयों की मौत के परिवार सदमे में है जबकि क्षेत्र में शोक का माहौल है।

■ चठिरमा के समीप खड़े ट्रक से टकराकर युवक की मौत, इधर एनएच 130 पर छोटा भाई हुआ हादसे का शिकार

बताया जा रहा है कि लखनपुर विकासखंड एक ग्राम केवरी निवासी 35 वर्षीय योगेन्द्र पैकरा आ. स्व. अमरेस पैकरा सूरजपुर जिले के जयनगर अंतर्गत लटोरी में रहकर काम करता था। 27 अक्तूबर को योगेन्द्र काम करने के बाद रात 9.30 बजे बाइक से वापस लौट रहा था। इस दौरान गांधीनगर थाना अंतर्गत ग्राम चठिरमा के समीप सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े ट्रक से बाइक सवार युवक टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी की युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सड़क दुर्घटना और युवक की मौत की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची गांधीनगर पुलिस द्वारा शव को उठवाकर मर्च्युरी में भेजा गया इसके साथ ही मृतक की शिनाख्त की गई। मृतक की शिनाख्त होने के



बाद घटना की सूचना परिजन को दी गई। पुलिस ने मंगलवार को शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### रास्ते में छोटे भाई की मौत

गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना की सूचना मिलने के बाद मृतक योगेन्द्र पैकरा का छोटा भाई 29 वर्षीय तुसन पैकरा स्कूटी से घटना स्थल आने के लिए निकला था। भाई की मौत से सदमे में संभवतः युवक काफी तेज गति से स्कूटी चला रहा था इस दौरान रास्ते में तुसन भी कार की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बड़े बेटे की मौत और छोटे बेटे के सड़क हादसे में घायल होने की सूचना मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना के बाद घायल युवक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रिफर किया गया था लेकिन गंभीर रूप से घायल युवक तुसन पैकरा की बिलासपुर पहुंचने से पहले मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक कुल तीन भाई थे जिसमें योगेन्द्र मझला जबकि तुसन सबसे छोटा भाई था। दो भाइयों की मौत से परिवार सदमे में है जबकि क्षेत्र में शोक का माहौल है।

### प्रदेश भर से 685 खिलाड़ी ले रहे हिस्सा, फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन और बास्केटबॉल में करेंगे प्रतिभा का प्रदर्शन

# राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मंगलवार को चार दिवसीय राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ शासकीय मल्टी परपज स्कूल मैदान में किया गया। 28 से 31 अक्टूबर तक चलने वाली इस खेल प्रतियोगिता में प्रदेश के दुर्ग, रायपुर, बस्तर, बिलासपुर और मेजबान सरगुजा की टीमें भाग ले रही हैं। कार्यक्रम मार्च पास्ट का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व फील्ड मार्शल शोभित दास गुप्ता ने किया।

इसके उपरांत अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को शपथ दिलाकर प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि खेल हमें अनुशासन और एकता की सीख देते हैं। खेल भावना से खेला गया हर खेल सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। छत्तीसगढ़ में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कमी नहीं है, जरूरत है तो उन्हें सही दिशा और अवसर देने की। जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह ने कहा कि खेल भावना से सभी बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें। जीत और हार से बढ़कर महत्वपूर्ण खेल भावना है। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी पूरे प्रदेश से अंबिकापुर आए हैं, आपके ठहरने और सुविधा की पूरी व्यवस्था की गई है। आप खेल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें और प्रदेश का नाम गौरवान्वित करें। राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि खेल सिर्फ जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि यह युवाओं को संघर्ष, संयम और समर्पण की भावना सिखाता है। आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी ओलंपिक में मेडल जीतें। डीईओ डॉ. दिनेश कुमार झा ने बताया कि प्रतियोगिता में फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन और बास्केटबॉल सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में 685 खिलाड़ी, 15 स्टेट ऑफिशियल्स, 65 कोच व मैनेजर, कुल मिलाकर 765 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन सुनीता दास एवं संगीता तिवारी ने किया। इस अवसर पर पार्षद आलोक दुबे, कर्ता राम गुप्ता, संजय अग्रवाल, अम्बिकेश केशरी, स्वरूप कांत थॉमस, संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संजय गुप्ता, प्राचार्य एलजी गुप्ता, जिला मिशन समन्वयक सर्वजीत पाठक सहित अन्य मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### सोनहत में मंगलवार को झमाझम बारिश

**सोनहत।** जिले के सोनहत क्षेत्र में मंगलवार शाम मौसम ने अचानक करवट ली और तेज बारिश शुरू हो गई। लगभग एक घंटे तक हुई झमाझम वर्षा से मौसम सुहावना हो गया और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बारिश के चलते गलियों और सड़कों पर पानी भर गया। ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा के बाद बच्चों ने सड़कों और गलियों में मस्ती करते हुए मौसम का लुत्फ उठाया। स्थानीय मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे में आसमान में बादल छाए रहने और हल्की वर्षा की संभावना बनी हुई है।

### 10 वर्षीय बच्ची के गले में फंसा सिक्का

**बैकुण्ठपुर।** जिला अस्पताल में पदस्थ ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. योगेन्द्र चौहान ने मंगलवार को एक बच्ची के गले में अटके सिक्के को सफलता पूर्वक निकाले। विदित हो कि कुछ दिनों पूर्व ही एक ऐसी घटना जिला अस्पताल में सामने आई थी, ऐसे मामलों से बचने के लिए अभिभावकों को बेहद ध्यान देने की जरुरत है। मिली जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर निवासी 10 वर्षीय परी नामक बच्ची ने खेलते समय गलती से सिक्का निगल लिया, जिसे तत्काल सहायता के लिए डॉक्टर को सूचना दी। सूचना मिलते ही डॉ. चौहान ने गले से सिक्का सफलतापूर्वक बाहर निकाल लिया। इस दौरान आरूष तिवारी, उदय प्रताप सिंह आदि सक्रिय रहे।

### सरकारी योजनाओं में फर्जीवाड़ा

**अनूपपुर।** कोतमा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम कटकोना में पदस्थ ग्राम रोजगार सहायक आशीष महरा पर सरकारी योजनाओं की राशि में लाखों रूपए के गबन का गंभीर आरोप लगाया गया है। ग्राम के ही निवासी मंतलाल महरा ने इस संबंध में मुख्यमंत्री को शिकायत पत्र भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच एवं दोषी पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार ग्राम रोजगार सहायक ने बिना कार्य कराए ही फर्जी मास्टर रोल तैयार कर राशि आहरित की। कई योजनाओं में ना तो कोई स्थल निरीक्षण हुआ, ना मूल्यांकन, फिर भी सरकारी राशि का भुगतान दिखाया गया।

### भगवान सहस्त्रार्जुन जयंती मनाई गई

**बैकुण्ठपुर।** कलचुरी समाज के स्वजातीय बंधुओं द्वारा भगवान सहस्त्रार्जुन जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास एवं धार्मिक उत्साह के साथ मनाई गई।

## चार दिवसीय छठ महापर्व का विधि-विधान से समापन, चरचा कॉलरी के छठ घाट पर उमड़ा जनसैलाब

# उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ परिवार की खुशहाली की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर समेत जिलेभर में मंगलवार को विभिन्न छठ घाटों पर छठ महापर्व की अद्भुत छटा बिखरी हुई नजर आई। लोक आस्था के इस महापर्व पर आस्था का जनसैलाब विभिन्न छठ घाटों में उमड़ा रहा, जहां व्रतियों ने उदयगामी सूर्य को जल के बीच खड़े होकर अर्घ्य दिया। व्रतियों ने पूरी श्रद्धाभाव के साथ पानी में खड़े होकर भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया और छठी मैया से अपनी मनोकामना पूर्ण करने की मन्नत भी मांगी।

इस दौरान छठी मईया के गीत गुंजते रहे, जिससे कि पूरा वातावरण भक्तिमय में डुबा रहा। अंतिम दिन श्रद्धालुओं के द्वारा भोर में सूप दौरा में पूजन सामग्री सजाकर छठ घाट के लिए परिवार के सदस्यों के साथ निकले, जहां घाट पहुंच कर उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ महापर्व का समापन हो गया। इस दौरान श्रद्धालुओं और व्रती महिलाओं ने अपने परिवार के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। शहर के स्थानीय राम मंदिर तालाब, गढ़ेलपारा, खुटहनपारा, रामपुर, सागरपुर, रमदईयाधाम छठ घाट समेत अन्य जगहों के छठ घाटों में अलसुबह ही लोगों का तांता लगा रहा। इसके अलावा नगर पालिका शिवपुर चरचा के छठ घाट पर श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। यहां नगर पालिका अध्यक्ष अरुण जायसवाल के नेतृत्व में श्रद्धालुओं के लिए व्यापक व्यवस्था की गई थी।

श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों व आतिशबाजी करते हुए छठ घाट पहुंचे और पूजा-अर्चना करते हुए छठ महापर्व का समापन किया। छठ पर्व के लिए नपा सहित सामाजिक संगठनों द्वारा जिले के राम मंदिर समेत अन्य छठ घाटों पर व्यापक इंतेजामात किए गए। इस दौरान व्रतियों ने मिट्टी की वेदी बनाकर दीप प्रज्जवलित किए और विधि-विधान से भगवान भास्कर के दर्शन देते ही व्रतियों ने उन्हें जल एवं दूध से अर्घ्य दिया। छठ को लेकर मान्यता है कि छठ पर सूर्यदेव और उनकी बहन छठी मैया की उपासना की जाती है। छठ का व्रत काफी कठिन माना जाता है। 36 घंटे निर्जला व्रत रखने के बाद उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ व्रत पूर्ण हो जाता है। ये व्रत परिवार की सुख-समृद्धि और संतान की लंबी आयु के लिए रखा जाता है।





### घाट में उमड़ी रही भीड़

मंगलवार की सुबह 4-5 बजे से छठ घाट में भीड़ उमड़ी रही। व्रती जल में खड़े रहकर सूर्योदय का इंतजार किया। अर्घ्य देने के बाद प्रसाद का वितरण किया। भीड़ को लेकर नगर के सभी छठ घाटों पर विशेष व्यवस्था की गई थी, इसके साथ ही पुलिस अमला भी तैनात रहा। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रत तोड़ा गया।



### सूर्य को आभार का पर्व है छठ

प्रत्येक वर्ष कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष में छठ व्रत मनाया जाता है। इसी माह किसानों के घर में नए उपजाएं अन्न की आवक होती है। भगवान भास्कर के असीम अनुकंपा से फसलों की पैदावार होने के कारण किसान सर्वप्रथम अन्न का हिस्सा सूर्य को अर्पित कर उनका आभार प्रकट कर कृतज्ञता जाहिर करते हैं।

### पुत्र के विजय श्री का व्रत है छठ

आध्यात्मिक पौराणिक ग्रंथों के जानकारों ने बताया कि छठ को लेकर कई कथाएं प्रचलित है। एक कथा के अनुसार दैत्य ताड़कासुर ने पार्वती के पुत्र कार्तिकेय के वध करने का प्रण किया था। तब पार्वती ने अपने पुत्र की रक्षा का भार मां गंगा को दे दिया। गंगा ने कार्तिकेय को सरकंडा के वन में छिपा दिया। उस वन में छह देव कन्याएं निवास करती थीं। उन्होंने मिलकर बालक कार्तिकेय का पालन-पोषण किया। उन्हीं छह माताओं को छठी मईया के रूप में पूजन करने का विधान शुरू हुआ। तब असुरों के नाश के लिए सभी देवताओं ने शंकर-पार्वती के पुत्र कार्तिकेय को अपना सेनापति चुना। माता पार्वती ने अपने पुत्र के विजय श्री की कामना के लिए अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर निर्जला व्रत रखा। कार्तिकेय के विजयी होकर वापस आने पर माता पार्वती ने सूर्य को जल व दूध से अर्घ्य देकर अपना व्रत तोड़ा था, तभी से उगते सूर्य को दूध से अर्घ्य देने की परंपरा की शुरुआत हुई।

### दीप जलाने की है मान्यता

सूर्योपासना का महा पर्व छठ पर कोषी कोष भराने व दीप जलाने की पौराणिक परंपरा है, इसके तहत गन्ने के मंडप बना कर उसमे मिट्टी से बने विशेष आकृति के कोष में अन्न भरा जाता है। कोष के किनारे लगे दीप में घी डालकर दीया जलाया जाता है। वहीं छठ घाटों पर पानी में मिट्टी के दीए जलाए जाने की भी मान्यता है।

### महापर्व का उल्लास : स्वास्थ्य मंत्री ने की पूजन-अर्चना



**मनेन्द्रगढ़।** लोक आस्था के प्रतीक छठ महापर्व का रंग-रूप सोमवार की संध्या को जिलेभर के घाटों पर चरम पर दिखा। एमसीबी जिले के विभिन्न छठ घाटों पर संध्या अर्घ्य के लिए श्रद्धालुगण प्रभु सूर्य एवं छठी मइया की आराधना के लिए बड़े उत्साह और पारंपरिक वस्त्रों में पहुंचे। इसी क्रम में जिले में आयोजित मुख्य संध्या पूजन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता निभाते हुए श्रद्धालुओं के साथ पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने हाथों से अर्घ्य अर्पित कर छठी मइया का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने परंपरा अनुसार व्रतियों द्वारा निर्मित ठेकुआ, प्रसाद एवं पूजन सामग्री को पूजा स्थल पर समर्पित किया। उन्होंने कहा कि छठ पूजा हमारे समाज में शुचिता, आस्था, पर्यावरण संरक्षण और सामूहिकता का एक अद्वितीय उदाहरण है। सूर्योपासना का यह पर्व जीवन में ऊर्जा, प्रकाश, अनुशासन और धैर्य का संदेश देता है। संध्या पूजन के दौरान घाटों पर महिलाएं व्रत-परायण होकर पारंपरिक गीत गाती रहीं। स्थानीय प्रशासन एवं नगरीय निकायों ने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, और चिकित्सकीय सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई, जिससे लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। कार्यक्रम में नगर निगम के महापौर राम नरेश राय, पूर्व महापौर समेत जनप्रतिनिधियों ने भी साधारण वस्त्र धारण कर व्रतियों के साथ पूजा-पाठ में भाग लिया।

### पोखरी तालाब छठघाट पर उमड़ी भीड़



**कोरिया कॉलरी।** क्षेत्र के पोखरी तालाब छठ घाट में मंगलवार को उगते सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर छठ महापर्व का समापन हुआ। कोरिया कॉलरी के शर्मा परिवार एवं कोरिया कॉलरी के छठ व्रतियों ने लोक आस्था के महापर्व छठ पर पोखरी छठ घाट में 36 घंटे का निर्जला व्रत रखकर उगते भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर पारण किया। पोखरी छठ घाट पर श्रद्धालु सिर पर दउरा एवं कंधों ईख लिए छठ घाट पहुंचे और पूजा-अर्चना कर अर्पित की वही छठ व्रती महिलाओं ने छठ घाट पहुंचकर कमर भर पानी में खड़े होकर सूप में फल, ईख, नारियल, कसार, सेव, संतरा, सिंघाड़ा, अदरक सजाकर भगवान सूर्य बाबा को अर्घ्य देकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की इस दौरान ठेकुआ और फलों से सजे प्रसाद के कसार को छठी मईया को अर्पित कर मंगल कामना किया गया। छठ महापर्व को लेकर कोरिया कॉलरी में छठ पूजा भोजपुरी गीत कांच ही बास के बहंगिया बहंगी लचकत जाए की बहार थी छठ घाट सहित नगर के सभी चौक-चौराहा में गीत और घाटो पर ढोल नगाड़ों भजन-कीर्तन और छठ गीतों से पूरा इलाका गूंज रहा था, वहीं कोरिया कॉलरी पोखरी छठ घाट पर रंग-बिरंगी झालरो से सजाया गया था, वहीं टेंट, बिजली, सफाई, वह रंग रौनक की पूरी तैयारी थी। स्थानीय पुलिस प्रशासन ने छठ घाट में सुरक्षा के मद्देनजर कर्मियों को तैनात कर रखा था । आसपास वाहनों को आने-जाने सहित व्यवस्था बनाने में जुटे रहे छठ घाटो पर चाय, पोहा, जलेबी वितरण किया गया, वहीं जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, वतियों की सेवा करने के लिए घाट पर नजर आए।

## शहर के टीव्हीएस शोरूम में चोरी, डीवीआर-नकदी पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय के कॉलेज रोड स्थित अग्रवाल मोटर्स टीव्हीएस शोरूम में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। शोरूम संचालक सुदीप अग्रवाल निवासी कचहरीपारा बैकुंठपुर ने बताया कि वे प्रतिदिन की भांति शनिवार की रात करीब 8:15 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे।

रविवार की सुबह करीब 9:45 बजे जब शोरूम का कर्मचारी विकास ठाकुर दुकान खोलने पहुंचा तो देखा कि वर्कशॉप के पीछे का दरवाजा नीचे से टूटा हुआ है तथा पार्ट्स रूम का ताला भी टूटा हुआ पड़ा है। इस पर उसने तत्काल मालिक को मोबाइल से फोटो भेजकर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही संचालक के छोटे भाई रितेश अग्रवाल मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों की मौजूदगी में देखा गया कि कैबिन (एमडी टेबल) के पास सामान बिखरा पड़ा था। जांच के दौरान गल्ले से 10,000 नगद, सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण गायब मिले, जिनकी कुल कीमत करीब 32,000 आंकी गई है। घटना की जानकारी तत्काल थाना बैकुंठपुर पुलिस को दी गई। फिलहाल पुलिस अज्ञात चोरों की तलाश जारी है।



### जेल के बाहर आरोपी ने बैठकर की फोन पर बात

**अम्बिकापुर।** एएसआई के घर में घुसकर मारपीट करने वाले जिला बदर के आरोपी को जेल के बाहर विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने के मामले में अब पुलिस ने कार्रवाई की है। इस मामले में एसपी ने कार्रवाई की है। जेल के बाहर कैदी को मोबाइल फोन पर बात करने की अनुमति देने वाले दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। बता दें कि जय आदित्य तिवारी उर्फ अंश पंडित आ. अशोक कुमार तिवारी उर्फ बाबा पंडित ने दीपावली की रात एएसआई राकेश मिश्रा के घर में घुसकर वाहनों में तोड़फोड़ और मारपीट की थी। इस मामले में पुलिस ने पुलिस ने अंश पंडित को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया था जहां से उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया था लेकिन जब कैदी को जेल दाखिल कराया जा रहा था तो वह केन्द्रीय जेल परिसर में मुख्य गेट पर बैठकर मोबाइल फोन पर बात कर रहा था और इस घटना का वीडियो किसी ने बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस विभाग की कार्यशैली ही सवालों के घेरे में आ गई। जानकारी के अनुसार आरोपी जिला बदर है। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद जेल प्रबंधन की ओर से भी बयान सामने आया था। जेल अधीक्षक ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर इस मामले की जांच और कार्रवाई की बात कही थी।

## अवैध रेत परिवहन: 3 वाहन जब्त, जारी रहेगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम की अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन वाहनों को जब्त किया है।

यह कार्रवाई तहसील पटना क्षेत्र में की गई। गश्त के दौरान इन वाहनों को अवैध रूप से गौण खनिज रेत का परिवहन करते पाया गया, जिसके बाद उन्हें मौके पर ही जब्त कर समीपस्थ पटना थाना में अभिरक्षा में रखा गया है। जब्त किए गए वाहनों की जानकारी सीजी 16 सीएन 5852 मिनी ट्रक वाहन मालिक जगदीश साहू, सीजी 12 ए एन 8294 मिनी ट्रक वाहन मालिक अमरदीप, महिंद्रा सोल्ड सुरेन्द्र कुमार राजवाड़े ट्रैक्टर वाहन इन वाहन मालिकों के विरूद्ध छग गौण खनिज नियम 2015 की धारा 71 तथा खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी ने जानकारी दी है कि कलेक्टर के निर्देशन में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध निरंतर कार्रवाई जारी है।

खनिज अधिकारी भूषण पटेल ने कहा कि भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण एवं कार्रवाई की जाएगी।



## राज्योत्सव की तैयारियां तेज, कलेक्टर ने ली बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** छग राज्य के गौरवशाली 25 वें स्थापना दिवस को भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप देने की तैयारियां एमसीबी जिले में जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में सभी अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इसमें आगामी 2, 3 और 4 नवंबर को प्रस्तावित तीन दिवसीय राज्योत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम शर्मा, अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने बताया कि जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ के ग्राउंड में किया जाएगा। इस वर्ष का राज्योत्सव रजत जयंती थीम पर आधारित होगा, जिसमें स्कूली बच्चों और स्थानीय कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। उन्होंने कहा कि सभी प्रस्तुतियां गरिमामय हों तथा अश्लील एवं फिल्मों गीतों पर आधारित कोई कार्यक्रम को शामिल न किया जाए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संपूर्ण प्रबंधन सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग के मार्गदर्शन में किया जाएगा। साथ ही आयोजन स्थल पर सरस मेला, रॉ पेंटिंग प्रदर्शनी और महिला स्व-सहायता समूहों के स्टॉल भी जनता के विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेंगे।

न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2
जिला-सरगुजा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र.202509021700000//ब-121/2024-25
//ईश्तहार//
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुमित कुमार आ. चन्दर, व अन्य 01, निवासी ग्राम ठाकुरपुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम ठाकुरपुर स्थित शासन से प्राप्त भूमि खसरा नंबर 634/1 रकबा 0.260 हे. भूमि को कृषि योग्य भूमि क्रय करने हेतु हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदक क्र. 01 अमरदीप मिंज आ. स्व. रेमिस मिंज, निवासी ग्राम फुन्दुरडिहारी, तहसील अम्बिकापुर, एवं अना. क्र. 02 निरल सुशील टोप्पो आ. स्व. फिलिम टोप्पो, निवासी ग्राम ठाकुरपुर, तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.) को रू0 8,00,000/- (आठ लाख रूपये) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 21/11/2025 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 24/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।
नायब तहसीलदार,
अम्बिकापुर-02

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 9 नवंबर, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से शाम 5 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल शाम 5 बजे से 7 बजे तक

सरगुजा मार्केट

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, MS, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 01 नवंबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 01 नवंबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 29 अक्टूबर 2025 दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
-आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
-दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
-किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
-पेशाब रास्ते का सिकुड़न
-किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी., ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 26 अक्टूबर 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
संपर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 26 अक्टूबर, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, नि:संतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 02 नवम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
सम्पर्क करें – 7587722255

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. आशीश कुमार जायसवाल – जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी – MBBS, DCH, DNB
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय – MBBS, DNB Ortho, हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह – जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. मनोज भारती – MBBS, MS
डॉ. ओम प्रकाश पंडित – MBBS, DNB (Ortho) MNAMS, हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया – MBBS, MS(General Surgeon)
डॉ. भावना गार्डिया – स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले – MS, ENT
डॉ. नताशा शर्मा – स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा – एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. हिमांशु गुप्ता – MD ONCO, कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. संगिता भारती – चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
डॉ. कमल नारायण गुप्ता – श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता – MBBS, DCH
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य – जनरल फिजिशियन
डॉ. राहूल शामकांत जाधव – एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. सुरभि – BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology)
डॉ. आयुशी गुप्ता – न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. मीना राव – आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. हेमलता साहू – फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222555, 9425583780, 9826183760, 8224007799, 8718003300, 8282839090

TOP IN SURGUJA
क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• चेहरे या पुरे शरीर में सूजन
• पेशाब में जलन
• यूरिया, क्रिएटिन का बढ़ना
• पेशाब कम आना या प्रोटीन आना
• पेशाब का रंग लाल होना
• हॉथ और पैरों में कमजोरी
• डायबिटिक किडनी
• किडनी स्टोन
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
सरगुजा संभाग के पहले नेफ्रोलॉजिस्ट अब गायत्री हॉस्पिटल में प्रतिदिन उपलब्ध
किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. ऋषभ गुप्ता
MD Medicine, DM Nephrologist
Gold Medalist

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के लिवर एवं पेट से संबंधित रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा ओपीडी.
अम्बिकापुर में... डॉ.आकाश गर्ग
एम. बी.बी. एस, डी.एन.बी. (मेडिसीन) डीएनबी (गैस्ट्रो)पेट आंत एवं लिवर विशेषज्ञ, पूर्व विशेषज्ञ - मेदान्ता हॉस्पिटल गुरगांव
दिनांक - 02 नवम्बर 2025, रविवार
समय - सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक
अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी अम्बिकापुर में
डॉ.विनय कुमार
एसोसिएट कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजीएम.बी.बी.एस., एम.डी. (जनरल मेडिसिन) डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
दिनांक - 02 नवम्बर 2025, रविवार
समय - 11.30 से शाम 4 बजे तक
तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
07774222555, 8718003300, 8085886678, 9752542415, 8120809000, 9424250281

## खबर संक्षेप

### अनुसूचित जाति छात्रों के लिए श्रेष्ठ योजना अंतर्गत आवेदन 30 तक

**बलरामपुर।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2022-23 से देश भर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले निजी आवासीय विद्यालयों में मेधावी अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से श्रेष्ठ(स्कीम फॉर रेजिडेंशियल एजुकेशन फॉर स्टूडेंट इन हाई स्कूल इस इन टारगेट एरिया) योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत प्रत्येक वर्ष सर्वोत्तम निजी आवासीय विद्यालयों का चयन मानदंडों के आधार पर किया जाता है। जिसके अंतर्गत निजी विद्यालय न्यूनतम पांच वर्षों से कार्यरत होना, पिछले तीन वर्षों के दौरान कक्षा 10वी और 12वी में कम से कम 75 प्रतिशत से उत्तीर्ण, तथा कक्षा 9वी और 11वी में अतिरिक्त अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को समायोजित करने के लिए पर्याप्त बुनियादी ढांचा उपलब्ध होना अनिवार्य है। योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा (श्रेष्ठ) के माध्यम से कक्षा 9वी और 11वी में प्रवेश के लिए 3000 नए विद्यार्थियों का चयन किया जाता है, जो कक्षा 12वी तक की शिक्षा पूरी करते हैं। स्कूलों का आवंटन योग्यता और विद्यार्थियों की प्राथमिकता के आधार पर ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से किया जाता है। मंत्रालय वास्तविक या निर्धारित सीमा, जो भी कम हो, के अनुसार शिक्षण और छात्रावास शुल्क सीधे स्कूलों को हस्तांतरित करके वित्तीय सहायता प्रदान करता है। विद्यार्थियों को कोई शुल्क या अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होता है। इसके अलावा, शैक्षणिक समायोजन में सहायता के लिए ब्रिज कोर्स के लिए वार्षिक शुल्क के 10ः तक का प्रावधान है। वर्ष 2026-27 के लिए परीक्षा का आयोजन संभवतः दिसंबर 2025 में किया जाना है। ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जो कि 30 अक्टूबर शाम 5 बजे तक खुला रहेगा।

### ग्राम दोलंगी में ग्रामीण के घर से 350 बोरी अवैध धान जब्त



**अम्बिकापुर।** धान खरीदी शुरू होने के पूर्व ही प्रशासन की संयुक्त टीम गांव-गांव में घूमकर कोचियों द्वारा समितियों में खपाने के लिए भण्डारित किए गए धान के जब्त करने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। धान खरीदी शुरू होने पर प्रशासन की सख्ती बढ़ने की संभावना पर कोचिए अभी से ही बाहर का धान भण्डारण करना प्रारंभ कर दिए है। अवैध धान भण्डारण की सूचना पर राजस्व विभाग टीम ने विकासखण्ड रामचंद्रपुर अंतर्गत ग्राम दोलंगी निवासी नुरानी अंसारी द्वारा बाहर से लाकर अपने घर में भण्डारित किए गए 350 बोरी धान को जब्त किया है। तहसीलदार आईसी यादव के नेतृत्व में टीम के सदस्यों ने मंडी अधिनियम के तहत जब्ती की कार्रवाई की।

### सांसद पर की गई अभद्र टिप्पणी पर भाजपाइयों ने सौंपा ज्ञापन



**कुसमी।** सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज को की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर भाजपा पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौपा तथा कार्रवाई की मांग की। राष्ट्रीय राजमार्ग शंकर घाट के समीप खराब सड़क को लेकर दो दिन पूर्व 24 अक्टूबर की दोपहर आम आदमी पार्टी के नेता राजेंद्र बहादुर सिंह एवं उनके सहयोगियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया तथा सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज पर अमर्यादित शब्दों का उपयोग किया है। सांसद पर की गई अभद्र टिप्पणी पर भाजपा के पदाधिकारियों में काफी रोष व्याप्त है। आज भाजपा पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप अमर्यादित शब्दों का उपयोग करने वाले आम आदमी पार्टी के नेता राजेंद्र बहादुर सिंह सहित उनके सहयोगियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### बैगर अनुमति काट रहे नीलगिरी सहित अन्य प्रजातियों के पेड़

# शंकरगढ़ क्षेत्र में सक्रिय हुए लकड़ी तस्कर एक जगह एकत्रित कर करते हैं तस्करी

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

इन दिनों शंकरगढ़ क्षेत्र में बगैर अनुमति बड़ी संख्या में नीलगिरी के साथ अन्य प्रजातियों के पेड़ों का काटा जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि शिकायत के बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद है। ऐसे में बड़ी संख्या में लकड़ी आसपास के क्षेत्र सहित दूसरे राज्यों में खपाया जा रहा है। हालांकि वन विभाग पूर्व में अवैध लकड़ी तस्करी के मामले में कार्रवाई की थी लेकिन अब एक बार फिर क्षेत्र में लकड़ी तस्कर सक्रिय हो गए है। क्षेत्र में लकड़ी तस्करों के सक्रिय हो जाने से ग्रामीणों ने तस्करों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

**खास बात**

- ट्रैक्टर सहित अन्य वाहनों से करते है तस्करी

क्षेत्र स्थित जंगलों से लम्बे समय से लकड़ी की तस्करी की जा रही है जो आज भी जारी है। तस्कर इतने शातिर है कि खुद तो सामने कम आते है परंतु गांव के लोगों को मोटी राशि कमाने का झांसा देकर काम पर लगा देते है। जंगल में पेड़ों की अवैध कटाई पर वन विभाग की टीम ने कुछ हद तक तो अंकुश लगाया है लेकिन लकड़ी तस्कर अब ग्रामीणों द्वारा लगाए गए उनके बाड़ी व खेत के नीलगिरी पेड़ के अलावा अन्य प्रजातियों की कीमती पेड़ पर पड़ गई है जो चंद रूपए देकर पेड़ कटाई कर औने-पौने दाम पर बेच देते है। कुछ इस तरह की स्थिति शंकरगढ़ के आस पास के क्षेत्रों की है जहां बड़ी संख्या में पेड़ों की अवैध कटाई की जा रही है। शंकरगढ़ से मनोहरपुर जाने वाली मुख्य मार्ग ग्राम पंचायत मानपुर में आसानी से देखा जा सकता है। सड़क के किनारे की नीलगिरी सहित अन्य प्रजातियों के बड़ी संख्या में पेड़ काटी गई है जिसे ट्रैक्टर सहित अन्य वाहनों में लोड आसपास क्षेत्र के अलावा दूसरे राज्यों में खपाए जा रहे है। जब क्षेत्र के लोगों ने ट्रैक्टर ड्राइवर से पूछताछ किया तो चालक ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश का रहने वाला है जबकि ट्रैक्टर में रजिस्ट्रेशन नम्बर भी नहीं लगा हुआ है। ड्राइवर ने बताया कि उसका ठेकेदार कमारी भदार गांव का खुर्शीद खान है जो कि सभी जगह से पेड़ काटकर एक जगह एकत्रित करने के पश्चात लकड़ी को बाहर भेजता है। ग्रामीणों द्वारा जब उनके पास पेड़ काटे जाने हेतु परमिशन एवं दस्तावेज की मांग की गई तो उनके द्वारा किसी प्रकार की कोई जानकारी प्रस्तुत नहीं कर सके।इधर वन विभाग के पदाधिकारी सड़क किनारे स्थित पेड़ को राजस्व विभाग अंतर्गत आने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लेते है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि क्षेत्र में बगैर अनुमति नीलगिरी सहित अन्य प्रजातियों के पेड़ों की अवैध कटाई धड़ल्ले से जारी है और किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किए जाने से लकड़ी तस्करों के हौसले काफी बुलंद हो गए है।



सड़क किनारे काटे गए पेड़।

**सीमावर्ती प्रदेश में खपा रहे लकड़ी**

जिले से लकड़ी तस्कर बड़ी संख्या में बिना अनुमति पेड़ों काटकर तस्करी कर रहे हैं। इस कार्य को कुछ स्थानीय लोग भी शामिल है। लकड़ी तस्कर द्वारा शासकीय एवं निजी भूमि में लगे हरे-भरे बड़े-बड़े यूकेलिप्टिस के अलावा अन्य प्रजाति के पेड़ों को प्रशासन के बिना अनुमति काट कर जिले के अलावा सीमावर्ती प्रदेश भेज रहे है। इस बात का अंदाजा इससे ही लगाया जा सकता है कि जिस ट्रैक्टर व भारी वाहन में लकड़ी ले जाया जा रहा है वे सभी वाहन दूसरे प्रदेश के ही है।

**देते है धमकी**

क्षेत्र के लोग जब चालक से पूछताछ किया तो चालक ने ठेकेदार खुर्शीद का नाम बताया। जब लोगों ने फोन कर परमिशन के संबंध में पूछा तो वह बताया कि बाकी जगह परमिशन लेकर पेड़ काट रहे हैं परंतु उस जगह का परमिशन मेरे पास नहीं है साथ ही धमकी देने लगा। जिस पर क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से अवैध लकड़ी तस्करी करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

**नहीं है जानकारी**

शंकरगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत मानपुर में पेड़ों की अवैध कटाई की जा रही है इसकी जानकारी नहीं है। टीम गठित कर जांच कराई जाएगी और दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-अनमोल टोप्पो
एसडीएम शंकरगढ़



## 11 करोड़ 40 लाख की लागत से एनएच में बनेंगी दो सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

महिला एवं बाल विकास मंत्री एवं भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयास से मंगलवार को 11 करोड़ 39 लाख 63 हजार रुपए की लागत से बनने वाली दो महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण कार्य का मंगलवार को भूमि पूजन किया गया,पहला स्वीकृत सड़क निर्माण कार्य राष्ट्रीय राजमार्ग 43 से नया कृष्ण मंदिर होकर सिलफिली बनारस रोड तक कुल 5.20 किलोमीटर लंबाई में होगा। जिस पर 6 करोड़ 90 लाख 68 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

- केबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाडे ने किया भूमिपूजन
- करीब 10 किलोमीटर लम्बी दूरी की बनेंगी दो नई सड़कें

दूसरा कार्य एनएच 43 से नवापारा दुर्गाबाड़ी होकर रविन्द्रनगर तक 3.96 किलोमीटर सड़क निर्माण का है,जिसकी लागत 4 करोड़ 48 लाख 95 हजार रुपए स्वीकृत की गई है। इन दोनों परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद आसपास के सैकड़ों ग्रामीण परिवारों को न केवल आवागमन में सुविधा मिलेगी, बल्कि व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि, कृषि उत्पादों के परिवहन में तेजी और स्थानीय रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।भूमिपूजन कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार हर गांव तक पक्की सड़क, हर परिवार तक विकास के संकल्प को लेकर निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सड़कें केवल रास्ते नहीं, बल्कि गांव की तरक्की की धमनियां हैं। इन सड़कों से न सिर्फ लोगों का जीवन आसान होगा, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार तक पहुंच भी सुगम बनेगी। क्षेत्र में पेयजल, सिंचाई, महिला सशक्तिकरण और बाल कल्याण योजनाओं को भी प्राथमिकता से आगे बढ़ाया जा रहा है। इस मौके पर सुरजपुर जनपद उपाध्यक्ष मनमत बछाड़, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवधन राम बिंझिया, मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े, गौरांग मंडल, बुलचू राजवाड़े, कृष्णपाल बिंझिया,विभागीय अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि बरसात के दिनों में कच्ची सड़कों की वजह से गांव तक पहुंचना मुश्किल होता था। अब पक्की सड़क बनने से न केवल उनका जीवन सुगम हो सकेगा।

## गोबरी नाला पुल के ध्वस्त होने के बाद अब अस्थायी मार्ग ने दी राहगीरों को राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

गंगोटी बांसापारा से डुमरिया को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग पर स्थित गोबरी नाला पुल के टूटने से महीनों तक आवागमन बाधित रहा जिससे क्षेत्र के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। अब अस्थायी डायवर्सन बनने के बाद सुचारू हो गया है। करीब दस दिनों से ग्रामीण बिना लंबा चक्कर लगाए सीधे मार्ग से आवाजाही कर पा रहे हैं।

- मुख्य मार्ग से संपर्क टूट जाने से राहगीर थे परेशान

बारिश में लगातार पानी के तेज बहाव से पुल का अधिकांश हिस्सा ध्वस्त हो गया था, जिससे दर्जनभर से अधिक गांवों का संपर्क मुख्य मार्ग से कट गया था। मरीजों, स्कूली बच्चों तथा किसानों को मुख्य मार्ग तक जाने के लिए लगभग 20 किलोमीटर तक की अतिरिक्त दूरी तय कर आवागमन करना पड़ रहा था। स्थिति यह थी कि गर्भवती और गंभीर मरीजों को अस्पताल पहुंचाना भी मुश्किल हो गया था। भटगांव विधायक एवं कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की पहल व सेतु विभाग की देखरेख से गोबरी नाला के बगल से 10 ह्यूम पाइप लगाकर रेत भरे बोरे के सपोर्ट व ऊपर मुरूम मिट्टी भरकर अस्थायी मार्ग तैयार किया गया है। फिलहाल बाइक, कार व छोटे वाहनों की आवाजाही नियंत्रित रूप से हो रही है। जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है, परंतु वर्षा में जलस्तर बढ़ने पर यह मार्ग फिर संकट में आ सकता है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से शीघ्र स्थायी पुल निर्माण की मांग दोहराई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग क्षेत्र की जीवनरेखा है, ऐसे में पुल निर्माण में किसी भी प्रकार की देरी स्थानीय विकास, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रतिकूल असर डालेगी। स्थानीय लोग उम्मीद जता रहे हैं कि शासन-प्रशासन इस महत्वपूर्ण परियोजना को प्राथमिकता देकर जल्द से जल्द मजबूती से स्थायी पुल निर्माण की दिशा में कदम उठाएगी। स्थानीय ग्रामीण सौरभ साहू, राजेश साहू, नीतीश साहू, ललित राजवाड़े, टीमल सिंह,उजाला ठाकुर, राम बहल सिंह, राजेश्वर साहू, भैयालाल देवगन, ओमप्रकाश यादव, राजेंद्र यादव, रमेश यादव ने त्वरित पहल हेतु मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की सराहना की। साथ ही अतिशीघ्र पुलिया स्वीकृत कराने की मांग की है।



## महामना मालवीय मिशन के सदस्यों ने किया गीता पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महामना मालवीय मिशन द्वारा गीता पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन पेंशनर्स समाज के उपाध्यक्ष जयप्रकाश चौबे के निवास पर किया गया। कार्यक्रम में गीता के पांचवे अध्याय एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

आध्यात्मिक संगोष्ठी में गीता मर्मज्ञ दुर्गाप्रसाद तिवारी ने कहा कि पंचम अध्याय में 29 श्लोक है जिसमें 1 में अर्जुन का प्रश्न तथा 28 श्लोकों में भगवान श्रीकृष्ण का उत्तर है। गीता हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। मनुष्य को असक्ति को त्यागकर कर्म करना चाहिए। जल में कमल की भांति जीने की कला में पारंगत होने की जरूरत है। इससे भगवत प्राप्ति रूप आत्मशांति की प्राप्ति होती है। कृषि वैज्ञानिक डॉ.वीके सिंह ने कहा कि शिक्षा से विद्या ज्ञान प्राप्त कर व्यक्ति आत्मोत्थान करता है। आत्मशुद्धि ही ईश्वर प्राप्ति का सुगम मार्ग है। मिशन के अध्यक्ष ब्रह्माशंकर सिंह ने कहा कि श्रीकृष्ण ने कर्म और सांख्य योग की शिक्षा अर्जुन को देकर उनके संशय जनित शोक को दूर किया। जयप्रकाश चौबे ने कहा कि फल की इच्छा त्याग कर कर्म करते हुए अपने कर्म भगवान को समर्पित करने से असीम शांति मिलती है। उन्होंने मालवीय मिशन के प्रयासों की सराहना की। पं.रामनारायण शर्मा और डॉ.जीके अग्रवाल ने भी अपना विचार व्यक्त किया। इस दौरान श्रीराधा कृष्ण को समर्पित मनमोहक भजनों की प्रस्तुति अंशिका पाण्डेय, अवनी चौबे, खुशबू दुबे, नीलम पाण्डेय, प्रत्तयुष दुबे, पाखी पंकज कुमार चौबे ने दी। मिशन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी प्रकाश कश्यप ने दी। संचालन राजनारायण द्विवेदी तथा आभार प्रदर्शन सचिव सुरेंद्र कुमार गुप्ता ने किया। इस दौरान सचिदानंद पाण्डेय, जगदीश प्रसाद गुप्ता, जय गुप्त, हरिशंकर सिंह, आरएन अवस्थी, टीआर यादव, अशोक सोनकर, सौरभ पाण्डेय, पुरषोत्तम मिश्रा, प्रतीक कश्यप, सतेंद्र कुमार दुबे, दीपक कुमार दुबे, मुकुंदलाल साहू आदि उपस्थित थे।



## बघेल के खिलाफ अग्र समाज ने खोला मोर्चा

**अंबिकापुर।** जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी और छग क्रान्ति सेना के प्रमुख अमित बघेल द्वारा दी गई विवादित टिप्पणी को लेकर अग्रवाल समाज का आक्रोश भड़क उठा। अग्रवाल समाज ने महाराजा अग्रसेन के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने वाले अमित बघेल के खिलाफ एफआईआर करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करने के साथ ही ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान

- एफआईआर की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

अग्रवाल महासभा के संजय अग्रवाल व शुभम अग्रवाल ने बताया कि अमित बघेल द्वारा अग्र समाज के अराध्य भगवान अग्रसेन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय व सिंधी समाज के देवताओं के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की है। इससे समाज आहत और आक्रोशित है। अमित बघेल के द्वारा समाज के खिलाफ गलत बातें की गई। इस लिए धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश भर में शिकायत दी गई है और यदि अपराध दर्ज नहीं किया जाता है बड़े पैमाने पर आन्दोलन किया जाएगा। बता दें कि रायपुर में छग महतारी की प्रतिमा को अज्ञात लोगों ने तोड़ दिया था जिसके खिलाफ छग क्रान्ति सेना के प्रमुख अमित बघेल के साथ लोग प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान अमित बघेल ने अग्रवाल समाज के साथ ही सिंधी समाज व पं. दीन दयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के खिलाफ विवादित टिप्पणी की गई थी।



## खस्ताहाल सड़क के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुई यात्रियों से भरी बस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

बलरामपुर जिले में एनएच 343 की जर्जर हालत एक बार फिर हादसे का कारण बनी। मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे बलरामपुर से अंबिकापुर की ओर जा रही आदर्श बस पस्ता थाना क्षेत्र के पस्ता और बासेन के बीच अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे गड्ढे में जा घुसी। इस घटना के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। गनीमत रही कि इस घटना में कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और सभी यात्री सुरक्षित बच गए।

- पट्टा टूटने के बाद उतरी सड़क से नीचे



दुर्घटनाग्रस्त बस।

इस संबंध में पस्ता थाना प्रभारी विमलेश सिंह ने बताया कि बस डाल्टनगंज से अंबिकापुर की ओर जा रही थी। खराब सड़क और झटकों के कारण बस का पट्टा टूट गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर नीचे उतर गया। सौभाग्य से बस एक कटी हुई पेड़ के सहारे रुक गई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय लोगों ने एनएच 343 की मरम्मत कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी जताई है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर आए दिन वाहन फंस जाते हैं या पलट जाते हैं लेकिन संबंधित विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द सड़क सुधार कार्य कराने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

## खरीफ वर्ष के प्रगति की समीक्षा तथा रबी वर्ष कार्यक्रम निर्धारण पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में खरीफ वर्ष के प्रगति की समीक्षा तथा रबी वर्ष 2025-26 कार्यक्रम निर्धारण हेतु सरगुजा संभाग की समीक्षा बैठक रखी गई थी। एपीसी बैठक में प्रदेश की कृषि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा आगामी फसल सीजन की तैयारी के लिए विस्तृत चर्चा की गई।

- पंजीयन की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार ने संभाग से उपस्थित समस्त जिले के कलेक्टर को शासन की मंशा से अवगत कराते हुए उन पर खरा उतरने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासनिक अमला योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु योजनाओं के अद्यतन स्थिति की रेगुलर मॉनीटरिंग करे और भौतिक निरीक्षण करें। उन्होंने किसानों को धान के अतिरिक्त दलहन तिलहन व अन्य फसलों के लिए प्रोत्साहित करने व शासन की सभी योजनाओं का लाभ समयबद्ध उपलब्ध कराए जाने तथा एग्रीस्टेक पोर्टल अंतर्गत पंजीयन की कार्ययोजना की प्रगति पर विशेष फोकस करने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि शीघ्र पंजीयन गैप को नगण्य करने की दिशा में सभी कार्य करें। बैठक में सरगुजा संभाग के केंद्र प्रवर्तित योजनाओं की वित्तिय प्रगति, मिट्टी परीक्षण, बीजों के वास्तविक मांग, रबी फसल हेतु ज्यादा से ज्यादा कृषक को प्रेरित करें व केसीसी लोन सुनिश्चित करें, राष्ट्रीय स्तर पर फसलों की उपज बढ़ाने की दिशा में कार्य करने हेतु दिशा निर्देश दिए। एपीसी बैठक में खरीफ में धान के रकबे में कमी एवं फसल विविधीकरण, रबी 2024-25 की तुलना में क्षेत्राच्छादन में वृद्धि तथा रबी, ग्रीष्म अल्पकालीन फसल ऋण वितरण में वृद्धि की रणनीति, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत अपात्र एफआरए एवं पीवीटीजी कृषक तथा अन्य संदिग्ध प्रकरण का समय सीमा में सत्यापन तथा समय सीमा में एग्रीस्टेक अंतर्गत पंजीयन की कार्य योजना, रबी 2026-27 की संभावित बीज मांग के दृष्टिगत रबी 2025-26 में फसलवार बीज उत्पादन कार्यक्रम की कार्ययोजना, ऑयल पॉम के क्षेत्र विस्तार की कार्ययोजना, केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के अंतर्गत सामान्य बीज वितरण एवं प्रदर्शन में प्रयुक्त होने वाले बीजों की फसलवार, योजनावार दर तथा इनके वितरण के अनुप्रयोग इत्यादि बिदुंओ पर चर्चा की गई।



## रजत जयंती महोत्सव पर 9 हजार से अधिक पीएम आवास योजना के हितग्राही करेंगे गृह प्रवेश

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर प्रदेशभर में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राज्योत्सव स्थल नवा रायपुर अटल नगर में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल रूप से 3.51 लाख हितग्राहियों का सांकेतिक गृह प्रवेश कराएंगे। इनमें सरगुजा जिले के 9368 हितग्राही शामिल हैं, जिनके पक्के घरों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत मई 2025 से अब तक राज्य में 3.51 लाख से अधिक पक्के आवासों का निर्माण पूर्ण किया गया है। सरगुजा जिले में भी इस अवधि में 9368 आवासों का निर्माण संपन्न हुआ है। राज्य स्थापना दिवस 1 नवंबर को जिले के सभी ग्राम पंचायतों में एक साथ सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।



कार्यक्रम के तहत नवनिर्मित घरों को दीपों, रंगोली और पारंपरिक साज-सज्जा से सजाया जाएगा। लाभार्थियों को खुशियों की चाबी, आभार पत्र या स्मृति चिन्ह प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर को उत्सव के रूप में मनाने की तैयारी जोरों पर है। जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल ने बताया कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन ने कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ मनाने की रूपरेखा तैयार की है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में आयोजन की सफलता के लिए रोजगार सहायकों, आवास मित्रों एवं महिला स्व-सहायता समूहों की दीदियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## खबर संक्षेप



### उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियों ने तोड़ा कठिन व्रत

**भैयाथान।** भैयाथान के रेंड नदी उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियों ने चार दिनों का कठिन व्रत को तोड़ा। छठ पूजा के तीसरे दिन अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियों ने सुबह सूर्य भगवान की उदय की प्रतीक्षा में रात भर ध्यान लगा कर पूजा की । रात भर प्रतीक्षा के बाद सुबह पानी में खड़ा होकर सूर्य भगवान की लालिमा को देख कर उगते सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया साथ ही चार दिनों के कठिन व्रत का समापन हवन पूजन के साथ समापन की। जिला पंचायत सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह व जनपद उपाध्यक्ष राजू प्रताप सिंह द्वारा व्रतियों की सुपा में फल रखकर क्षेत्र की सुख शांति की कामना की। भैयाथन रेंड नदी में पानी भराव से छठ घाट पूजा को देखते हुए छठ घाट का निर्माण हाइड्रो पावर प्लांट द्वारा कराया गया जिस में छठ व्रतियों को कठिनाई न हो। छठ घाट पर पंचायतों द्वारा व्रतियों के लिए इंतजाम किया गया है जहां रात में रुकने वाले व्रतियों के लिए टेंट लाइटिंग की व्यवस्था की गई थी।

### राशन वितरण नहीं करने पर ग्रामीणों ने की एसडीएम से शिकायत



**कुसमी।** ग्राम पंचायत मोती नगर के ग्रामीणों ने राशन वितरण नहीं किए जाने की शिकायत एसडीएम से की। जिस पर एसडीएम ने राशन दुकान संचालक को राशन वितरण करने के निर्देश दिए। विकासखंड कुसमी अंतर्गत ग्राम पंचायत मोती नगर के ग्रामीणों ने आज अनुविभागीय अधिकारी राजस्व करुण डहरिया के पास राशन नहीं वितरण करने की शिकायत की। जिस पर एसडीएम करुण डहरिया ने ग्राम पंचायत मोती नगर के सरपंच सहित राशन वितरण करने वाले संचालक को बुलाया और राशन वितरण नहीं करने का कारण पूछा। संचालक ने बताया कि राशन वितरण मशीन के सही तरीके से नहीं चलने के कारण राशन वितरण नहीं किया जा पा रहा है। एसडीएम ने खाद्य निरीक्षक को निर्देश देते हुए उक्त दुकान की जांच कर तत्काल ग्रामीणों को राशन वितरण करने का निर्देश दिए। एसडीएम करुण डहरिया द्वारा की गई त्वरित पहल पर ग्रामीण आश्वस्त होकर अपने घर वापस लौट गए।

### स्थापना दिवस पर होंगे तीन दिवसीय कार्यक्रम

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस 1 नवंबर एवं रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में बलरामपुर जिले में इस वर्ष तीन दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जिला मुख्यालय हाई स्कूल ग्राउंड बलरामपुर में 2 से 4 नवंबर तक आयोजित होगा। राज्योत्सव के मुख्य समारोह में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक विरासत, लोककला और विकास यात्रा को प्रदर्शित करने वाले विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राज्य शासन के निर्देशानुसार 1 से 5 नवंबर तक पूरे जिले में रोशनी कार्यक्रम की जाएगी। सरकारी भवनों, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों को रंगीन लाइटों से सजाया जाएगा। तीन दिवसीय राज्योत्सव में स्थानीय कलाकारों, स्कूली बच्चों और सांस्कृतिक समूहों द्वारा विविध प्रस्तुतियां दी जाएंगी। लोकनृत्य, लोकगीत, नाट्य मंचन और संगीत कार्यक्रम आयोजित होंगे। साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों को दी जाएगी। इसके साथ ही जिले की गठन यात्रा और उपलब्धियों को भी प्रदर्शित किया जाएगा।

### तहसीन युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त

**अम्बिकापुर।** युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी महामंत्री गुलजेब अहमद ने शहर के तहसीन अकरम को संगठन का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। तहसीन अकरम ने संगठन के कार्य को पूरी ईमानदारी से करने का भरोसा दिया है। वे युवा कांग्रेस के अन्य पदों पर कार्य कर चुके हैं।



## छठ घाटों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, किया गया हवन-पूजन

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ पर्व का समापन



छठ घाट जातीं व्रती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चार दिनों तक चले सूर्योपासना के महापर्व का मंगलवार को समापन किया गया। इस दौरान व्रतियों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही विधि विधान से पूजा अर्चना की और अपने व अपने परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। छठ घाटों पर हवन पूजन के बाद व्रतियों ने 36 घंटे तक चलने वाले कठिन व्रत का पारण किया। छठ पर्व के समापन पर छठ घाटों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

**खास बात**

- चार दिवसीय महापर्व का हुआ समापन

सूर्योपासना के महापर्व छठ को लेकर सरगुजा का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। 25 अक्टूबर को नहान खान और पूजा अर्चना के बाद चार दिवसीय छठ पर्व की शुरुआत हुई थी जबकि 26 अक्टूबर को व्रतियों ने घाटों में अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही पूजा अर्चना की और खीर भोजन कर 36 घंटे के कठिन व्रत की शुरुआत की थी। इस दौरान जिले सहित शहर में विभिन्न छठ घाटों को वृहद रूप से सजाया गया था और छठ पूजा करने वाले व्रतियों के लिए व्यापक पैमाने पर इंतजाम किए गए थे। सोमवार को छठ पर्व के लिए व्रती शाम से ही छठ घाटों में पहुंचने शुरू हो गए थे जहां उन्होंने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही विधि विधान से पूजा अर्चना की। इस दौरान शहर के प्रमुख छठ घाट शंकरघाट स्थित बांक नदी के तट पर घुनघुट्टा बांध स्थित खर्रा नदी छठ घाट, शिव सागर बांध पैलेस घाट, मैरिन ड्राइव तालाब, गोधनपुर तालाब, सत्तीपारा तालाब, जेलपारा तालाब, शिवधारी तालाब, महामाया तालाब, खैरबार नहरपारा सहित सभी घाटों में व्रतियों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के बाद ज्यादातर व्रती वापस घर लौट आए थे जबकि बड़ी संख्या में व्रती और श्रद्धालु रात को घाट पर रूककर पूजा अर्चना की। मंगलवार की भोर में फिर से व्रती और श्रद्धालु छठ घाट पहुंचने लगे थे।

सुबह व्रतियों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही विधि विधान से पूजा अर्चना की। इसके साथ ही हवन पूजन के बाद कठिन व्रत का पारण किया गया।


### प्रसाद लेने उमड़ी भीड़

लोक आस्था के पर्व छठ के समापन अवसर पर छठ घाटों पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। उगते सूर्य को अर्घ्य देने व हवन पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने व्रतियों का आशीर्वाद लेने के साथ ही प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान छठ पूजा का प्रसाद लेने के लिए लोगों में होड़ मची रही। घाटों में श्रधालुओं के पैर छूकर आशीर्वाद लिए और प्रसाद ग्रहण किया।

**रातभर चला जगराता कार्यक्रम**

रात को छठ घाटों पर रुकने वाले व्रतियों के लिए समितियों द्वारा व्यापक पैमाने पर तैयारियां की गई थी। घाटों में रौशनी के साथ ही मनोरंजन के लिए जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। खर्रा नदी के तट पर भोजपुरी कलाकार प्रवीण सिंह ने भक्ति गीतों की प्रस्तुती दी। इसके साथ ही शंकरघाट स्थित छठ घाट में छठ पर्व करने पहुंची व्रती महिलाओं व श्रद्धालुओं के लिए मां महामाया छठ पूजा सेवा समिति द्वारा जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। वहीं ठण्ड से बचने के लिए अलाव व चाय की व्यवस्था भी की गई थी। जगराता का यह कार्यक्रम रात भर चलता रहा जगराता का समापन सुबह में सूर्य को अर्घ्य देने के दौरान किया गया।

### उगते सूर्य को अर्घ्य देकर लोकआस्था का महापर्व छठ सम्पन्न





**बिश्रामपुर।** लोक आस्था का सूर्य षष्ठी छठ महापर्व मंगलवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ भक्ति और उत्साह के माहौल में संपन्न हुआ,कोयलांचल क्षेत्र में सुबह से ही आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा,व्रती महिलाओं ने ठेकुआ,नारियल,केला,गन्ना,और अन्य फलों से सजे सूप को जल में अर्पित कर सूर्य देव और छठी मईया से परिवार की सुख-समृद्धि,संतान की दीर्घायु और समाज की खुशहाली की प्रार्थना की,सूर्य की पहली किरणें जैसे ही क्षितिज पर दिखाई दीं, घाटों पर एक साथ छठी मईया के जयघोष गूंज उठे। महिलाओं ने सिर पर सूप उठाए, जल में खड़ी होकर श्रद्धा के साथ अर्घ्य अर्पित किया। नगर के गायत्री मंदिर प्रांगण छठ घाट, रेण नदी तट, हर्राटिकरा, गोरखनाथपुर, केनापारा क्वारी, तेलईकछार नाला, तालाब, सिलफिली पासिंग नाला, बिश्रामपुर पासिंग नाला छठ घाटों पर हजारों श्रद्धालु सुबह-सुबह ही पहुंच गए थे। सोमवार की शाम अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य देने के बाद भी घाटों पर देर रात तक दीपों की झिलमिलाहट बनी रही।मंगलवार को ऊषा अर्घ्य के लिए व्रती महिलाएं स्नान-ध्यान कर सुहाग के प्रतीक लाल-पीले वस्त्र धारण किए, माथे पर सिंदूर की लंबी रेखा सजाए घाटों की ओर रवाना हुईं। बच्चे और युवक ढोल-नगाड़े बजाते हुए भव्य आतिशबाजी व जयघोष कर रहे थे। घाटों पर प्रसाद वितरण ने छठ को एक सांस्कृतिक उत्सव का रूप दे दिया। चारों ओर गूंजते लोकगीतों और जल में झिलमिलाते दीयों से पूरा वातावरण स्वर्गिक प्रतीत हो रहा था। ज्ञात हो कि छठ पर्व के चार दिवसीय अनुष्ठान में सोमवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद, व्रती महिलाओं का 36 घंटे का निर्जला व्रत आज उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ पूरा हुआ। इस अवधि में व्रतियों ने जल तक ग्रहण नहीं किया, और पूरी निष्ठा के साथ व्रत का पालन किया। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रतियों ने विधि-विधानपूर्वक प्रसाद ग्रहण कर पारण किया। नगर पंचायत प्रशासन और पुलिस विभाग ने घाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। स्वयंसेवी संस्थाओं और युवाओं ने घाटों पर सफाई, व्यवस्था और दीप प्रज्वलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।महिलाओं व बच्चों की भीड़ को देखते हुए घाटों पर बैरिकेडिंग की गई थी।

**केबिनेट मंत्री ने भी दिया अर्घ्य-** कैबिनेट मंत्री व भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े ने भी छठ महापर्व पर गोरखनाथपुर रेण नदी किनारे स्थित छठ घाट पर मंगलवार को अल सुबह पहुंच व्रतियों के साथ सूर्य षष्ठी पर अर्घ्य देकर विधिवत पूजा अर्चना की। मंत्री ने पूजा अर्चना कर सभी की खुशहाली की कामना की।

### उल्लास के साथ संपन्न हुआ सूर्योपासना का महापर्व छठ



**राजपुर।** सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा को लेकर नगर में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। चार दिवसीय इस पर्व का समापन मंगलवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ हुआ। सुबह की पहली किरण के साथ ही छठ व्रतियों ने सूर्यदेवता को अर्घ्य अर्पित किया। इसके साथ ही विधि विधान से पूजा अर्चना और हवन पूजन के बाद व्रतियों पारण कर चार दिनों के कठिन व्रत का समापन किया। इस वर्ष छठ पूजा सेवा समिति राजपुर द्वारा गेउर नदी तट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। सोमवार की संध्या लगभग 7.30 बजे आरती गंगा आरती की गई। छठ के महापर्व में सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा ने भी सहभागिता की। विधायक छठ घाट पहुंचकर गंगा आरती में शामिल हुईं और छठ व्रतियों के पंडालों में छठी मैया का आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक ने क्षेत्र के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए सभी व्रती माताओं और बहनों को छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा और यातायात की व्यवस्था सुदृढ़ रही। राजपुर थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा छठ घाट क्षेत्र में कड़ी निगरानी रखी गई और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से संभाला गया। सूर्य भगवान की मूर्ति का विसर्जन और नगर भ्रमण- उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद सूर्य भगवान की मूर्ति का नगर भ्रमण कराया गया, तत्पश्चात श्रद्धापूर्वक मूर्ति का विसर्जन किया गया। श्रद्धालुओं ने छठ मइया के गीतों और भजनों के साथ पूजा स्थल को विदा किया।



### रामानुजगंज में चार दिवसीय सूर्य उपासना महापर्व का हुआ समापन

**रामानुजगंज।** सूर्य उपासना के चार दिवसीय महापर्व छठ का भव्य समापन मंगलवार की सुबह कनहर नदी के तट पर हुआ। उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हुए हजारों व्रतियों ने लोक आस्था के इस पावन पर्व को श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न किया। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में फल, दूध और ठेकुआ से भरे डाले लेकर सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। सोमवार को छठ पर्व में कृषि मंत्री रामविचार नेताम शामिल हुए। उन्होंने छठ घाट पहुंचकर भगवान सूर्य को नमन किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल भी उपस्थित रहे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अंबिकापुर के पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की भी छठ घाट पहुंचे और श्रद्धालुओं के बीच शामिल होकर प्रदेश में सुख-शांति की प्रार्थना की। पर्व के अंतिम दिन नवयुग दुर्गा पूजा संघ द्वारा विशेष धार्मिक आयोजन किए गए। प्रातःकाल काशी से आए ब्राह्मणों की टोली ने गंगा आरती का भव्य आयोजन किया। दीपों की रोशनी से पूरा घाट आलोकित हो उठा और हर हर गंगे के जयघोष से वातावरण गूंज उठा।

### चनान और सिंदूर नदी के तट पर की गई छठ पूजा

**बलरामपुर।** चार दिनों तक चलने वाले आस्था का छठ महापर्व का मंगलवार को उगते सूर्य को अर्थ देने के बाद समापन हुआ। जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत भेलवाड़ी में सामूहिक रूप से छठ महापर्व का कार्यक्रम आयोजन किया गया जहां व्रतियों ने चनान नदी के तट पर विधि विधान से पूजा अर्चना की। उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद हवन पूजन किया व आरती उपरांत पूजा का समापन किया गया। छठ पर्व पर ज्योतिष और पुरोहित जितेंद्र तिवारी कथा वाचन किया गया। कथा वाचन के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इसके साथ ही जिला मुख्यालय के सिंदूर नदी घाट में भी 4 दिन में तक चलने वाले इस महापर्व को बहुत धूमधाम के साथ मनाया गया और उगते सूर्य को अर्थ देने के बाद समाप्ति की गई। घाट पर गंगा आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## व्रतियों ने की परिवार के सुख समृद्धि की कामना, हवन-पूजन के पश्चात तोड़ा व्रत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर


सूर्योपासना का महापर्व छठ आज उगते सूर्य को अर्घ्य देने तथा विधि विधान पूर्वक हवन पूजन के साथ संपन्न हुआ। चार दिनो तक की गई कठिन व्रत का आज सुबह व्रतियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य देने तथा हवन पूजन के पश्चात तोड़ा। रेड नदी घाट सहित अन्य घाटों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु तड़के पहुंचे। व्रतियों ने नदी व तालाब में खड़े होकर भगवान सूर्य के निकलने की प्रतीक्षा करने लगे। इसी बीच व्रतियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य देने के पश्चात घाट पर ही विधि-विधान से हवन पूजन कर चार दिनों तक चले कठिन व्रत को तोड़ा। व्रतियों ने घर-परिवार में खुशहाली और संतान की लंबी आयु और सुखी जीवन की कामना के लिए चार दिवसीय यह कठिन व्रत रखती हैं। जिले में भी आस्था के पर्व छठ व्रतियों की संख्या बढ़ती जा रही है। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ के मद्देनजर रेणुका नदी के तट पर जिला प्रशासन, नगरीय प्रशासन व छठ पूजा समिति के साथ सुरक्षा व यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सराहनीय योगदान रहा। सोमवार की रात को रातभर बनारस के प्रसिद्ध गायक और गायिकाओं ने भक्ति गीतों से पूरा छठ घाट छठी मैया के गीतों से माहौल भक्तिमय बना रहा।

### सूर्य मंदिर छठ घाट पर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर की विधि विधान से हवन पूजन,तोड़ा कठिन व्रत



**प्रतापपुर।** पक्की तालाब सूर्य मंदिर में छठ पूजा की धूम रही। पारंपरिक छठ गीतों से पूरा नगर भक्ति में रहा। सूर्य मंदिर छठ घाट पर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियो ने विधि विधान से हवन पूजन के साथ चार दिनों का कठिन व्रत तोड़ा। प्रतापपुर के ऐतिहासिक सूर्य मंदिर में वर्षों से छठ पूजा का परंपरागत है जहां बड़ी संख्या में व्रती महिलाओं द्वारा विधि विधान से पूजन करते है। मंगलवार की सुबह उगते हुए सूर्य को अब देकर छठ व्रती महिलाओं ने सूर्य शक्ति उपासना महापर्व छठ का समापन विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर किया। स्थानीय पक्की तालाब किनारे भव्य सजावट के साथ में गंगा आरती का भी भव्य आयोजन किया गया। लगातार बढ़ रहे छठ व्रती महिलाओं की संख्या बढ़ रही है। मान्यता है कि सूर्य मंदिर सहित हनुमान मंदिर जो की वर्षो पुराने प्राचीन मंदिर है। यहां छठ पर्व करने से सभी की मनोकामनाएं पूर्ण होते हैं तथा कई प्रकार के विघ्न बाधा दूर होते हैं। जहां सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने छठ पूजन किया। पूजा को लेकर राजकुमार गुप्ता, मुकेश गुप्ता, सतीश चौबे, सोमेश्वर गुप्ता, प्रियंकल तिवारी, गौरव जायसवाल, गुड्डा गुप्ता सक्रिय रहे वही बजरंग दल के सुमेर कश्यप, विक्रम नामदेव, संदीप रजक, विक्रम सिंह, शुभम गुप्ता पूरी रात जलपान का व्यवस्था में जुटे रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com



बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411